सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 78 भाद्र 5, गुरुवार, शाके 1948– अगस्त 27, 2026 अंक 22
Vol. 78 Bhadra 5 , Thursday, Saka 1948 –August 27, 2026 No. 22

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ पत्र

मैं, शीला (SHILA) पत्नी करन, निवासी :– वॉर्ड नं. 6, सोनी मंदिर के पास, पावटा, तह. कोटपुतली, पोता जयपुर, पावटा, जयपुर, राजस्थान–303106 की निवासी हूँ एवं शपथपूर्वक बयान करती हूँ कि:–

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ और मेरे स्वर्गीय पति का नाम किरण कुमार हरिजन था।
2. यह कि मेरे पुत्र प्रदीप कुमार की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिकाओं (Marksheet) तथा अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों में भूलवश मेरे स्वर्गीय पति का नाम करण कुमार अंकित हो गया है।
3. यह कि मेरे पति का दिनांक 21.05.2012 को स्वर्गवास हो गया है जिसका मृत्यु प्रमाण–पत्र संलग्न है।
4. यह कि मेरे स्वर्गीय पति का सही और वास्तविक नाम किरण कुमार हरिजन है, जो कि उनकी सरकारी सेवा पुस्तिका (Service Book) व मृत्यु प्रमाण–पत्र एवं अन्य पारिवारिक कानूनी दस्तावेजों में दर्ज है।
5. यह कि कुछ दस्तावेजों में मेरे पति का नाम करण कुमार दर्ज है तथा सही नाम किरण कुमार हरिजन ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी मेरे स्वर्गीय पति के हैं।
6. यह कि भविष्य में मेरे स्वर्गीय पति को उनके सही नाम किरण कुमार हरिजन के नाम से ही जाना व पहचाना जाए और मेरे पुत्र प्रदीप कुमार के दस्तावेजों में तदनुसार सुधार किया जाए।
7. यह कि उक्त शपथ–पत्र मैं अपने पुत्र के दस्तावेजों में नाम शुद्धिकरण हेतु राजस्थान गजट (राजपत्र) नोटिफिकेशन में प्रकाशनार्थ प्रस्तुत कर रही हूँ।
8. यह कि भविष्य में मेरे पति के उक्त नामों के बाबत कोई आपत्ति दर्ज होती है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

अं.नि.
(शीला)
शपथग्रहीता

सत्यापन

मैं, शीला (SHILA) उपरोक्तानुसार सत्यापित करती हूँ कि शपथ–पत्र के मद नं. 1 से 7 में वर्णित तथ्य सही है, इसमें कोई तथ्य मिथ्या नहीं है और ना ही किसी तथ्य को छिपाया गया है। ईश्वर मेरा साक्षी है।

अं.नि.
(शीला)
सत्यापनकर्ता

ATTESTED
B.S. MAURYA
20-06-2026
NOTARY (GOVT. OF INDIA)
SODALA, AJMER ROAD, JAIPUR.
18511

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।